दिन– शुक्रवार दिनांक– 05/04/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपायों पर चर्चा के लिए आज बिहार समेत ग्यारह राज्यों के चुनाव अधिकारियों और नगर निगम आयुक्तों के साथ बैठक करेगा।

02. लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी आज चुनाव घोषणा पत्र जारी करेगी।

03. राजधानी पटना में अवैध रूप से दो हजार रूपये मूल्य के नोट बदलने वाले गिरोह का खुलासा। नौ लाख रूपये से अधिक की राशि के साथ चौदह लोग गिरफ्तार।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। नौ शहरों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री के पार। बक्सर और शेखपुरा में पारा बयालीस डिग्री के ऊपर पहुंचा।

---

निर्वाचन आयोग आज बिहार समेत ग्यारह राज्यों के उन जिलों के चुनाव अधिकारियों और नगर निगम आयुक्तों के साथ बैठक करेगा, जहां पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत सबसे कम रहा था। नई दिल्ली में होने वाली बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी। बैठक में कुछ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कम मतदान के मुद्दे के समाधान के लिए लक्षित और विशिष्ट कार्य योजना पर विचार–विमर्श किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार, सम्मेलन में पटना साहिब, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और अन्य शहरों के नगर आयुक्तों के साथ–साथ बिहार और उत्तर प्रदेश के चुनिंदा जिला निर्वाचन अधिकारी भी भाग लेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू करेंगे।

---

राज्य में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मल्टीमीडिया का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके जरिये उदासीन मतदाताओं को बूथों तक जाने और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय की ओर से टर्न ऑउट इंप्लीमेंटेशन प्लान

और पार्लियामेंट्री इलेक्शन—दो हजार चौबीस तैयार किया गया है। इसके लिए अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आनंद शर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। श्री शर्मा ने बताया कि मतदाताओं तक पहुंचने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह लोकसभा चुनाव विकसित बिहार के लक्ष्य को पूरा करने का चुनाव है। बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुये श्री मोदी ने कहा कि इस बार एक तरफ जहां कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां हैं, जिन्होंने अपनी सरकार के समय पूरी दुनिया में देश का नाम खराब किया था तो वहीं, दूसरी तरफ भाजपा और एनडीए है जिसका एक मात्र लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण करना है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि लगभग डेढ़ दशक तक जंगलराज से प्रभावित रहे बिहार में अब विकास ने नई रफ्तार पकड़ ली है। श्री मोदी ने लोगों को राजद और कांग्रेस के दौर की याद दिलाते हुये कहा कि जमुई की पहचान नक्सलवाद से होती थी। आज यह क्षेत्र बदल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि जो लोग बिहार के युवाओं के लिए कभी कुछ भी अच्छा नहीं कर सकते, उन्होंने युवाओं से जमीन लेकर रेलवे में नौकरी दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के लोगों ने इस बार सभी चालीस सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों को जिताने का संकल्प ले लिया है। श्री मोदी ने रामविलास पासवान को भी याद किया।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात अप्रैल को नवादा में एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए घटक दलों के प्रमुख नेता भी मौजूद रहेंगे। वहीं, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह नौ अप्रैल को औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम गया जिले के गुरारू में आयोजित किया जाएगा, जो कि औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में आता है।

———————————————————————————

किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, बांका और भागलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया समाप्त हो गई। कुल छियासी उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भागलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सबसे अधिक इक्कीस उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे हैं। वहीं, कटिहार से बीस और बांका से उन्नीस उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। किशनगंज संसदीय क्षेत्र से पंद्रह उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। नामांकन करने वालों में मुख्य रूप से भागलपुर से कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा, कटिहार से जदयू प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी और पूर्णिया से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव शामिल हैं। नामांकन पत्रों की जांच आज होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अप्रैल है। इन सीटों पर छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। पहले चरण की चार लोकसभा क्षेत्र नवादा, गया, औरंगाबाद और जमुई में साढ़े सात हजार से अधिक बूथ स्थापित किए गए हैं। इन सभी बूथों पर रैंडमली ईवीएम और वीवीपीएटी का आवंटन कर दिया गया है।

———————————————————————————

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी, पोलित ब्यूरो के सदस्य प्रकाश करात, बृंदा करात, नीलोत्पाल बासु और तपन सेन ने नई दिल्ली में घोषणापत्र जारी किया।

———बाईट———

पार्टी ने धनाढ्य वर्ग पर कर लगाने, उत्तराधिकार कर और सामान्य सम्पत्ति कर पर कानून बनाने तथा निजी क्षेत्र में आरक्षण, चुनाव के लिए सरकारी चंदा जुटाने तथा राजनीतिक दलों को मिलने वाले कॉरपोरेट चंदे पर प्रतिबंध लगाने का वायदा किया हैं। पार्टी ने घोषणापत्र में कहा है कि वह काम के अधिकार को संवैधानिक अधिकार बनाने के प्रति वचनबद्ध है। पार्टी ने अवैध गतिविधियां रोकथाम अधिनियम तथा धन–शोधन रोकथाम अधिनियम को रद्द करने का भी वायदा किया है। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी आज चुनाव घोषणा पत्र जारी करेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्टी के नई दिल्ली स्थित मुख्यलाय में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य

वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इस घोषणा पत्र में पार्टी पांच न्याय स्तंभों पर युवा, नारी, किसान, श्रमिक और भागीदारी पर जोर देगी।

———————————————————————

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस ने एक बूथ दस यूथ अभियान की शुरुआत की है प्रदेश की सभी चालीस सीटों के प्रत्येक बूथ पर निगरानी रखने के लिए युवा कांग्रेस दस यूथ की तैनाती करेगा। भारतीय युवा कांग्रेस के सचिव सह बिहार प्रभारी राजेश सिंह सन्नी ने पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में इस योजना की शुरूआत की।

———————————————————————

आगामी लोकसभा चुनावों के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टियों के लिए प्रसारण का समय आवंटित कर दिया गया है। प्रत्येक राष्ट्रीय पार्टी को आकाशवाणी और दूरदर्शन पर पैंतालीस–पैंतालीस मिनट दिये जायेंगे। छह राष्ट्रीय पार्टियों को अतिरिक्त साढे पांच घंटों के प्रसारण का समय भी दिया गया है। यह प्रसारण इस महीने की सोलह और तेईस तारीख को तथा अगले महीने तीन, दस, सत्रह, बाईस और उनतीस तारीख को किया जायेगा।

———————————————————————

चुनाव आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मेहन्द्र कुमार को भोजपुर का नया जिलाधिकारी बनाने की मंजूरी दी है। इसके साथ ही आईएएस अधिकारी प्रशांत कुमार सीएच को नवादा का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी नीरज कुमार सिंह को भोजपुर और कार्तिकेय कुमार शर्मा को नवादा का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

———————————————————————

राजधानी पटना में लखनऊ आर्मी इंटेलीजेन्स ब्यूरो और पटना पुलिस की संयुक्त छापेमारी में अवैध रूप से दो हजार रूपये मूल्य के नोट बदलने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। छापेमारी के दौरान पाटलिपुत्र स्टेशन के पास स्थित एक अपार्टमेंट से दो हजार रूपये के चार सौ सत्तासी नोटों के साथ चौदह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआईजी सह–वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से नौ लाख रूपये से अधिक की राशि बरामद की गयी है। इधर, पटना

से कोलकाता जा रही एक बस से वाहन जांच के दौरान धनबाद पुलिस ने एक करोड़ रूपये से अधिक नकद के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार लोग गया जिले के रहने वाले हैं।

———————————————————————————

राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ शहरों औरंगाबाद, बांका, भोजपुर, सीवान, नवादा, रोहतास, खगड़िया और गोपालगंज का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। वहीं, इस अवधि में बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। शेखपुरा का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार कौशिक ने बताया कि अगले दो दिन के दौरान पछुआ हवा की गति में कमी आने की सम्भावना है। वहीं, राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाईट———

इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने गर्मी के दौरान अगलगी की घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी जिलाधिकरियों को अलर्ट किया है। साथ ही लोगों को गर्मी और लू से बचने के लिए विशेष अपील की जा रही है।

———————————————————————————

बेगूसराय में संपन्न बावनवीं राष्ट्रीय सीनीयर हैंडबॉल चैंपियनशिप में बिहार की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया है। फाईनल मुकाबले में मेजबान बिहार ने दिल्ली को अड़तीस–चौंतीस के अंतर से पराजित किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पहली बार बिहार को यह खिताब मिला है।

———————————————————————————

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नेपाल से सटे सभी सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर फरार और वांछित महिला अपराधी सहित बड़ी संख्या में बहत्तर अपराधियों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जमुई के चुनावी सभा में कहा– गरीबों का सपना मेरा संकल्प। विपक्ष पर साधा निशाना भ्रष्टाचार पर जारी रहेगा प्रहार।

**दैनिक जागरण** ने इसी खबर का शीर्षक दिया है**–** अल्पसंख्यक को मुख्यमंत्री ने किया सावधान। दिलाई दो हजार पांच के पहले की बिहार की याद।

**आज** अखबार का शीर्षक है– राजद ने हाजीपुर से शिवचंद्र, कांग्रेस ने महाराजगंज से आकाश को दिया टिकट। अखबार लिखता है– सीवान से अवध बिहारी का कटा टिकट। दरभंगा में ललित होंगे प्रत्याशी।

**दैनिक भास्कर** ने देश में बढ़ते तापमान की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– आंकड़ों में पारा भले कम, लेकिन इस बार गर्मी ज्यादा महसूस।

**प्रभात खबर** लिखता है– सीबीएसई की ग्यारहवीं और बारहवीं में तीस प्रतिशत प्रश्न होंगे लघु और दीर्घ उत्तरीय।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. निर्वाचन आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उपायों पर चर्चा के लिए आज बिहार समेत ग्यारह राज्यों के चुनाव अधिकारियों और नगर निगम आयुक्तों के साथ बैठक करेगा।

02. लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी आज चुनाव घोषणा पत्र जारी करेगी।

03. राजधानी पटना में अवैध रूप से दो हजार रूपये मूल्य के नोट बदलने वाले गिरोह का खुलासा। नौ लाख रूपये से अधिक की राशि के साथ चौदह लोग गिरफ्तार।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। नौ शहरों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री के पार। बक्सर और शेखपुरा में पारा बयालीस डिग्री के ऊपर पहुंचा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।